आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी 07:19 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 21 जून 2025
वर्ष 6, अंक 211, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



भारतीय तीरंदाजों ने नौ पदक जीते 11
जीएसटी पंजीकरण आसान बनाए सीबीआईसी 10

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



B.Sc. HOME SCIENCE | BBA | M.Sc. HOME SCIENCE
B.Ed. | BA HINDI, ENGLISH, GEOGRAPHY, HISTORY, POLITICAL SCIENCE, HOME SCIENCE, DRAWING & PAINTING
SPECIAL CLASS FOR COMPETITIVE EXAMS (UPSC, BANK, LIC, POLICE & MTS)
"योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं"



UNIVERSITY GOLD MEDALIST EVERY YEAR, MENTOR TO EVERY STUDENT
PUSHP INSTITUTE OF SCIENCE AND HIGHER STUDIES
BANKATI ROAD, PILIBHIT
MOBILE NO. 9457466566, 9412267671, 05882297002

College Code: 209
visit us at- www.jmbinstitute.com
JMB GROUP OF INSTITUTIONS
19 YEARS OF EXCELLENCE
जे.एम.बी. (पी.जी.) डिग्री कॉलेज
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly
Approved by UGC, NCTE, AICTE, PCI, B.T.E., SCERT



97581-08800, 97581-08900
विद्यार्थियों को प्रवेश संबंधी जानकारी हेतु पीलीभीत नगर में सिटी ऑफिस रामा कॉलेज रोड पर उपलब्ध है।
उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का अग्रणी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN- 2025-26
B.A./B,Com/B.Sc. Home Science
B.Sc. Biology/ Maths, B.Sc. Biotechnology
M.A./M.Com/M.Sc., D.El.Ed./D.Pharma




कैम्पस- देवीपुरा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत
सिटी ऑफिस- रामा कॉलेज रोड, उपाधि कॉलेज के सामने, पीलीभीत

SPRINGDALE
COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
Madhotanda Road, Pilibhit
Affiliated to MJPRU, Bareilly
Admission Open
3 YEAR REGULAR
BBA & BCA
GRADUATE PROGRAM
Eligibility - 10+2 with min. 45% marks
Approved by AICTE
Competent and Experience Faculty
Helpline Numbers:
+91 9759740600, 9045825016
100% Placement Assistance
25 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE
SC/ST छात्रों के लिये 0 फीस पर प्रवेश
आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों (E.W.S) के लिये विशेष छात्रवृत्ति
महाविद्यालय पर निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है।
B.Ed. | M.Ed. | D.El.Ed. | PGDCA
springdale.pbt@gmail.com
scmspbt@gmail.com



चौधरी निहाल सिंह
कृषि (पी.जी.) कॉलेज
ऐमी, पीलीभीत
(एम.जे.पी. रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से सम्बद्ध)
College Code 212



प्रवेश प्रारम्भ सत्र 2025-26
बी.एस-सी. (ऑनर्स) कृषि में रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाला पीलीभीत का एक मात्र कृषि पी.जी. कॉलेज
बी.एस-सी. (ऑनर्स) कृषि | बी.ए. | एम.एस-सी. (कृषि) सस्य विज्ञान/उद्यान विज्ञान | एम.ए. (गृह विज्ञान/शिक्षा शास्त्र)
रजिस्ट्रेशन निःशुल्क
महाविद्यालय में प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध

| कम्पनी | चयनित छात्र सं. |
|---|---|
| Swal Corporation Ltd. | 20 |
| Glaxo Pharmaceutical Pvt. Ltd. | 05 |
| West Plywell micro irrigation sys. | 07 |
| Zeneva Crop Science Pvt. Ltd. | 16 |
| Willowood chemical Pvt. Ltd. | 14 |
| L.H. Sugar Factory PBT. | 10 |

सुविधाएं
- खमरिया पुल से निःशुल्क वाहन सुविधा।
- ड्रेस, बैग इत्यादि निःशुल्क।
- बी.एस-सी. (कृषि) अंग्रेजी व हिंदी माध्यम।

कैंप कार्यालयः चौ. ट्रांसपोर्ट कम्पनी, डिग्री कॉलेज चौराहा, पीलीभीत
चौ. दिग्विजय सिंह (चेयरमैन) मो. 9412196705
डॉ. एस.पी. सिंह (प्राचार्य) मो. 9368079897
Email: cnsmaimi.2013@gmail.com
Visit Us: www.chaudharynihalsingh.com
Mob.: 9458697578, 8954903816, 9761322661

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
• गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# पर्यटन सत्र निपटा : अब वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के होंगे और पुख्ता इंतजाम

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व में जल्द शुरू होगा विशेष सुरक्षा अभियान 'ऑपरेशन मानसून'

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

• मानसून सीजन के दौरान जंगल समेत संवेदनशील क्षेत्रों पर रहेगी नजर

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र समाप्त हो चुका है। अब टाइगर रिजर्व प्रशासन मानसून सीजन के दौरान वन एवं वन्यजीवों को शिकारियों एवं वन अपराधियों की कुदृष्टि से बचाने के लिए ऑपरेशन मानसून शुरू करने जा रहा है। इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। जंगल समेत संवेदनशील क्षेत्रों में ऑपरेशन मानसून के सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे।

तराई के इस जिले में बारिश दस्तक दे चुकी है। बरसात के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल मार्गों पर जगह-जगह जलभराव एवं कीचड़ हो जाती है। जंगल मार्गों के कच्चे होने के कारण वाहनों का आवागमन भी बाधित हो जाता है। घास की ऊंचाई बढ़ने से जंगल क्षेत्रों में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में वन अफसरों और वनकर्मियों को जंगल क्षेत्र में गश्त करने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र भी 15 जून को समाप्त हो गया है। पूरे सात माह तक जंगल के अंदर सफारी वाहनों और सैलानियों का आवाजाही रही। इधर अब जंगल में सन्नाटा सा छा गया है। ऐसे में शिकारी और वन अपराधी इसका फायदा उठाने की फिराक में लगे रहते हैं। मानसून सीजन के दौरान सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए टाइगर रिजर्व प्रशासन वन एवं वन्यजीवों को शिकारियों एवं वन अपराधियों की कुदृष्टि से बचाने के लिए ऑपरेशन मानसून विशेष सुरक्षा अभियान शुरू करने जा रहा है। ऑपरेशन मानसून की रुपरेखा लगभग तैयार की जा चुकी है।


पीलीभीत टाइगर रिजर्व का जंगल। • अमृत विचार

> मानसून सीजन के दौरान वन एवं वन्यजीव अपराध की गतिविधियां बढ़ने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर विशेष सुरक्षा अभियान शुरू किया जाएगा। इसकी रूपरेखा तैयार हो चुकी है। जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जाएगा।
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

### चप्पे-चप्पे पर रहेगी पैनी नजर

मानसून सीजन के दौरान जंगल क्षेत्र समेत संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जाएगी। इन क्षेत्रों में गश्त पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पीटीआर से सटी उत्तराखंड की सीमा से सटे जंगल क्षेत्रों की विशेष निगरानी की जाएगी। शिकारियों समेत वन अपराधियों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी।

# आशा कार्यकत्री स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी



आशा कार्यकत्रियों को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद।

संवाददाता, पूरनपुर

• आशा कार्यकर्ता एवं संगिनी कार्यक्रम में बांटे उपहार

**अमृत विचारः** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद शुक्रवार को संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आए। उन्होंने पीलीभीत मार्ग पर एक होटल में आशा कार्यकर्ता एवं आशा संगिनी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इसके अलावा शहीद सैनिक समेत अन्य दिवंगतों के घर पर जाकर उनके परिवार से मुलाकात कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

होटल में हुए कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में आशा कार्यकत्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। वह लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए जिंदगी बचाने का काम करती हैं। धूप, बरसात और अन्य चुनौतियों का सामना कर वह स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को सफल कराने में जिम्मेदारी निभाती हैं। आशाओं की समस्याएं भी सुनीं। आशाओं ने मानदेय और राज्य कर्मचारी का दर्जा दिलाने आदि की मांगें रखीं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा आशाओं की मानदेय की समस्या को लेकर वह प्रधानमंत्री से वार्ताकर इसका हल करांएगे। सरकार का महिलाओ की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण पर पूरा ध्यान है। कार्यक्रम में आशा कार्यकत्रियों को प्रेशर कुकर बांटे गए। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एमएलसी सुधीर गुप्ता, विधायक बाबूराम पासवान आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ चौपाल का आयोजन बाढ़ आपदा की दी जानकारी


गांव में चौपाल करते कानूनगो केके देओल व मौजूद ग्रामीण। • अमृत विचार

**मझोला, अमृत विचार :** तहसील अमरिया के ग्राम भरा पचपेड़ा में बाढ़ से संभावित खतरे को देखते हुए राजस्व विभाग द्वारा बाढ़ राहत चौपाल का आयोजन किया गया। जहां कानूनगो केके देओल ने ग्रामीणों को पोस्टर के माध्यम से बाढ़ से बचाव के तरीके बताए। कहा कि बाढ़ की स्थिति में किसी भी व्यक्ति को पानी में नहीं उतरना चाहिए और अपने पशुओं व बच्चों को सुरक्षित ऊंचे स्थान पर ले जाना चाहिए। आपदा के दौरान लोगों की बीमारियों को देखते हुए संबंधित डॉक्टरों को पहले से निर्देश दिए जा चुके हैं। वहीं, ग्राम पंचायत स्तर पर कोटेदारों को भी बाढ़ आपदा की स्थिति में राशन किट तत्काल गांव में वितरित कराई जाएगी। चौपाल में क्षेत्रीय लेखपाल जगदीश राजपूत, भारत सिंह, शिवली अधिकारी, सुनील बड़ोई, श्लोक सरकार, नोमीता वाला, चारु ओझा, रशपाल सिंह, बलवीर सिंह, प्रताप सिंह, तोरुलता वाला, गोविंद मंडल, दिलीप बाला आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्ट अफसरों को सबक सिखाएं : कंछल

संवाददाता, पूरनपुर

• बोले: बीटीटी टैक्स लागू होने से सभी करों से मिलेगा छुटकारा
• उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन

**अमृत विचारः** व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनबारी लाल कंछल ने व्यापारियों की समस्याएं सुनी और उनका निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों को उनकी भाषा में सबक सिखाएं। उन्होंने व्यापारियों को टैक्स कार्ड बनवाने और आरक्षण दिलाने का भरोसा दिलाया। ये भी कहा कि बीटीटी टैक्स लागू होने पर व्यापारियों को सभी करों से राहत मिल जाएगी।

शुक्रवार को नगर के एक होटल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद बनबारी लाल कंछल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। व्यापारियों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें संजय गुप्ता, आशीष और सुशील वर्मा को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा विशाल वर्मा, तुषार गुप्ता, परख रस्तोगी, युवराज वर्मा, सतीष वर्मा सहित दस व्यापारियों को युवा जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान सर्राफा संघ और राइसमिल एसोसिएशन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल को मांग पत्र सौंपे। व्यपारियों ने आनलाइन व्यापार, गृह कर सहित कई समस्याएं रखते हुए उनका निदान कराने की मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने व्यापारियों की सभी समस्याओं के निराकरण कराने का आश्वासन दिया। राज्यसभा और विधान सभा में व्यापारियों के लिए पांच सीटें आरक्षित कराने का आश्वासन भी दिया। ट्रेन में भी पांच सीटें व्यपारियों के लिए आरक्षतिकराने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवाी लाल कंछल ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारी को व्यापारी सबक सिखाएं। दो करोड़ तीस लाख व्यापारियों के टैक्स से सरकार का खजाना भरता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से वार्ता कर हर जिले में सवाधिक टैक्स देने वाले व्यापारियों को सम्मानित कराया जाएगा। समाजसेवा और शिक्षा में भी व्यापारी अग्रणी है। जल्द ही व्यापारियों का स्वास्थ्य बीमा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार बैंक ट्राजंक्शन टैक्स लाने पर विचार कर रही है। इसके लागू होने से सभी प्रकार के कर बंद कर दिए जाएंगे। बैंक में जमा धन पर ही व्यापारियों को एक फीसदी कर देना होगा।


पूरनपुर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का स्वागत करते व्यापारी।

प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने कहा कि नए पदाधिकरियों का भव्य शपथ गृहण कार्यक्रम कराया जाएगा। सभी पदाधिकारी व्यापारियों के हितों के लिए काम करें। इस मौके पर प्रदेश मंत्री नवीन अग्रवाल, विजय पाल विक्की, जिला प्रभारी अशोक खंडेलवाल, संरक्षक बलजीत सिंह खैरा, नगर अध्यक्ष जाहिद खान, अजय खंडेलवाल, युवा नगर अध्यक्ष और नगरपालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, दीपक अग्रवाल, सचिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# स्टाफ नर्स और वार्ड आया दोषी, होगी वसूली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

• मानवाधिकार आयोग ने शासन ने भेजा पत्र, पीड़ित परिवार को मिले 2.50 लाख का मुआवजा
• बीते साल एमसीएच विंग के बाहर ई-रिक्शा पर लेटी प्रसूता, इलाज नहीं मिलने का मामला

**अमृत विचार :** 13 माह पहले मेडिकल कॉलेज के एमसीएच विंग के बाहर ई-रिक्शा पर तड़पती रही महिला को समय पर चिकित्सा सुविधा न मिलने के गंभीर मामले में जांच पूरी होने के बाद स्टाफ नर्स और वार्ड आया को दोषी पाया गया है। अब इनसे मुआवजा राशि की वसूली होगी। मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप के बाद शासन ने पीड़ित परिवार को 2.50 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है।




मामला 5 मई 2024 का है। शहर से सटे गांव अलीगंज निवासी पूनम जो सात माह की गर्भवती थी, प्रसव पीड़ा होने पर परिवार वाले उसे ई-रिक्शा से बेहोशी की हालत में मेडिकल कॉलेज की एमसीएच विंग में लेकर पहुंचे थे। परिवार वालों ने वहां पहुंचने के बाद स्टाफ से स्ट्रेचर देने के लिए कहा तो उन्होंने अनसुना कर दिया। आरोप है कि जब डॉक्टर से जानकारी करने गए तो वहां के कर्मचारियों ने आईसीयू न होने और दौरा आने वाले मरीजों के इलाज की सुविधा नहीं होने की बात करते हुए एक निजी अस्पताल का नाम बताते हुए उसे वहां भेज दिया। पूनम ई-रिक्शा पर ही लेटी रही और तड़पती रही। बाद में उसकी व गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई।

मृतका के पति देवेंद्र ने मामले की शिकायत मानवाधिकार आयोग से की थी। आयोग के आदेश पर शासन के विशेष सचिव अनिल कुमार सिंह ने मानवाधिकार आयोग को भेजी रिपोर्ट में बताया है कि मामले की जांच उप जिलाधिकारी सदर द्वारा की गई। जांच में ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स दिव्या उप्रेती, राखी लाल व आउटसोर्सिंग वार्ड आया प्रज्ञा की लापरवाही सामने आई।

शासन ने दोषी कर्मचारियों से मानवाधिकार आयोग द्वारा अधिरोपित अर्थदंड की वसूली करने के साथ ही सभी दोषियों पर पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही के लिए विभागीय कार्रवाई करने की संस्तुति करते हुए आदेश जारी किए हैं। इतना ही नहीं, मृतका के पति देवेंद्र को राहत के तौर पर दो लाख 50 हजार रुपये की मुआवजा राशि जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मृतका के पति को मिली धनराशि की वसूली ड्यूटी पर तैनात दोषियों से की जाएगी।

# बकाएदारों के कनेक्शन काटने पहुंची टीम पर हमला

संवाददाता, बरखेड़ा

• अभिलेख फाड़े, अवर अभियंता ने पुलिस को दी तहरीर, जांच शुरू

**अमृत विचारः** बकाया बिल जमा न होने पर कनेक्शन काटने पहुंची पावर कॉरपोरेशन की टीम से कुछ लोग भिड़ गए। आरोप है कि मारपीट के बाद अभिलेख भी फाड़ दिए गए। किसी तरह टीम ने खुद को बचाया। अवर अभियंता ने मामले में नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

पावर कॉरपोरेशन के अवर अभियंता संत कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 जून को ग्राम कोकिली में अधिकारियों के निर्देश पर गए थे। बिजली बिल बकाएदारी जमा कराने और कनेक्शन काटने के लिए टीम गई थी। इस बीच कुछ लोगों ने न तो बकाएदारी जमा की, न ही कनेक्शन काटने दिया गया। टीम को घेरकर मारपीट की गई। सरकारी अभिलेख भी फाड़ दिए। टीम ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

**23 बकाएदारों के काटे कनेक्शन:** अवर अभियंता की अगुवाई में कोकिली गांव में 23 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए हैं। इन पर करीब 6.13 लाख रुपये का बकाया था।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA EYE AND LASER CENTRE
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

# कांवड़ यात्रा मार्गों को करें गड्ढामुक्त अफवाह फैलाने वालों पर हो सख्ती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। उन्होंने श्रावण मास के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने एवं अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

गांधी सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जाने की आवश्यकता है। अफवाह फैलाने वाले लोगों पर ध्यान दिया जाए और उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाज के संभ्रांत व्यक्तियों के संपर्क में रहे और कहीं पर कोई दिक्कत आए तो समस्या का तुरंत समाधान करें। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था आदि कराना सुनिश्चित किया जाए। सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि त्योहारों पर विद्युत व्यवस्था की पूर्ति सुनिश्चित की जाए, धार्मिक स्थलों के पास ढीले विद्युत तारों को ठीक करा दिया जाए। उन्होंने चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग पर एंबुलेंस, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टर उपलब्ध रहें। कहा कि जिन मार्गों की पुलिया टूटी या मरम्मत योग्य हो उन्हें शीघ्र ठीक करा लिया जाये। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया गया कि कांवड यात्रा के लिए जो भी मार्ग निर्धारित हैं, उन्हें गड्ढा मुक्त कराना सुनिश्चित किया जाए।


गांधी सभागार में कांवड़ यात्रा संबंधी बैठक में निर्देश देते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

• डीएम की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक, दिए निर्देश

डीएम ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों के लिए जो रूट निर्धारित किए गए हैं, उन पर विशेष निगरानी रखी जाए, जिससे कि किसी प्रकार की समस्या ना होने पाए। इस मौके पर एएसपी विक्रम दहिया, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार अर्चा गुप्ता, अधिशासी अभियंता विद्युत पंकज भारती समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सांड़ से टकराए बाइक सवार, एक की मौत, दो घायल

**बीसलपुर, अमृत विचारः** गांव मझगवा में अपनी रिश्तेदारी में आया युवक बाइक पर अपने रिश्तेदार दंपती को बैठाकर पीलीभीत ले जा रहा था। ग्राम जसौली के पास सड़क किनारे छुट्टा सांड़ से बाइक टकरा गई। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि दंपती घायल हो गए।

बरेली के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के ग्राम पुरनापुर निवासी अमित कुमार पटेल कोतवाली क्षेत्र के गांव मझगवां में अपनी रिश्तेदारी में आए थे। वह अपनी बाइक से अपने रिश्तेदार छोटेलाल और उनकी पत्नी महेश्वरी देवी को बिठाकर पीलीभीत जा रहे थे। बीसलपुर पीलीभीत मार्ग पर ग्राम जसौली दिवाली के पास पहुंचते ही बाइक सड़क किनारे खड़े छुट्टा सांड़ से टकरा गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान घायल अमित कुमार पुत्र बेचेलाल की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

# ब्रह्मचारी घाट का सौंदर्यीकरण कार्य ठप, लंबे समय बाद भी नहीं मिली रफ्तार

## रिटेनिंग वॉल समेत पांच बिंदुओं पर पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने दिए थे निर्देश, अभी तक नहीं मिला रैपटोवॉल का लेआउट, कैसे शुरू होगा काम

- ठेकेदार की मनमानी जारी, स्थानीय लोग बोले- सुस्त गति से चल रहा कार्य

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



ब्रह्मचारी घाट पर बंदा पड़ा रिटेनिंग वॉल का कार्य। ● अमृत विचार



ब्रह्मचारी घाट पर तैयार की गई रैपटोवॉल बनाने के लिए पिलर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अहम शहर का ब्रह्मचारी घाट विकास की बाट जोह रहा है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के चलते सौंदर्यीकरण कार्य ठप है। पर्यटन विभाग के निर्देशों के बावजूद रिटेनिंग वॉल सहित कई जरूरी बिंदुओं पर काम शुरू नहीं हो सका है। रैपटोवॉल का लेआउट अब तक नहीं बन सका है, जिससे परियोजना की रफ्तार थमी हुई है। स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है, लेकिन जिम्मेदार बेफिक्र नजर आ रहे हैं।

बता दें कि बंधन योजना के तहत शहर के ब्रह्मचारी घाट का सौंदर्यीकरण कराने के लिए नगरपालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल की ओर से वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा गया था। जिसके बाद शासन ने स्वीकृति देते हुए तीन करोड़ का बजट स्वीकृति किया था। इस कार्य का जिम्मा पर्यटन विभाग को सौंपा गया। सर्वे के बाद घाट पर पिचिंग, मूर्ति विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाब, स्थायी पुल, मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, सड़क का निर्माण होना है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद 14 मार्च 2024 पूजन कराने के बाद निर्माण कार्य शुरु करा दिया गया, लेकिन 14 माह बीतने के बाद भी काम अधूरा है। यहां सबसे से पहले रैपटोवॉल के साथ रिटेनिंग वॉल बनाई जानी थी, लेकिन यह कार्य अभी तक शुरु नहीं हो सका। इसको लेकर 24 अप्रैल 2025 को चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम से मुलाकात कर इसकी जानकारी दी थी, जिसके बाद दो सदस्यीय टीम को यहां भेजा गया था। इस पर टीम ने नदी किनारे बांस की दीवार खड़ी करके मिट्टी के कट्टे लगाकर नदी की धारा को मोड़कर रिटेनिंग वॉल तैयार करने के निर्देश दिए थे। टीम ने जून माह तक रिटेनिंग वॉल का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। अभी तक यहां रेटनिंग वॉल का 10 फीसदी कार्य तक पूरा नहीं हो सका है।

यही नहीं, रैपटोवॉल का अभी तक ले आउट भी तैयार नहीं हो सका है। वहां काम करने वाले कर्मचारियों के अनुसार नदी के नीचे पत्थर निकल रहे हैं, जो मशीन से नहीं कट पा रहे हैं। इसलिए दिक्कत आ रही है। जिस पर रैपटोवॉल और सीढ़ियां बनाई जानी हैं। वहां पाइल का फाउडेंशन तक तैयार नहीं हो सका। आलम यह है कि अभी तक सिर्फ पिलर खड़े हो सके हैं। अभी नदी में पानी कम है, ऐसे में काम को आसानी से पूरा किया जा सकता है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। उनका कहना है कि अभी नदी में पानी कम है, तो दीवार खड़ी हो सकती है, लेकिन कार्य नहीं चल रहा है।

### हिंदू महासभा लगा चुकी घोटाले का आरोप

ब्रह्मचारी घाट पर हो रहे सौंदर्यीकरण को लेकर अखिल भारतीय हिंदू महासभा इस मामले में घोटाले का आरोप लगा चुकी है। बीते दिनों हिंदू महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें कहा था कि करोड़ों की लागत से सौंदर्यीकरण और सीढ़ियों का निर्माण कराया जा रहा है। मार्च 2024 में योजना का शिलान्यास हुआ और जल्द ही कार्य भी शुरू हुआ। मगर, जुलाई 2024 की बाढ़ में फाउंडेशन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मिट्टी बह गई। उसके बाद लगभग एक वर्ष तक निर्माण बंद रहा। अब मानसून फिर से दस्तक दे चुका है, निर्माण को पुन: उसी संवेदनशील समय में शुरू कर दिया गया है। हिंदू महासभा का कहना है कि यह कार्य जानबूझकर बरसात के समय शुरू कराए जाते हैं, ताकि गुणवत्ता जांच न हो सके और सरकारी बजट की बंदरबांट की जा सके। इस मामले में उन्होंने जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग उठाई है। वरना, धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### सड़क और कृत्रिम तालाब का काम भी अधूरा

बंधन योजना के तहत ब्रह्मचारी घाट पर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य में रेटनिंग और रैपटोवॉल का कार्य अधर में है। इसके अलावा सड़क निर्माण और मूर्ति विसर्जन के लिए बनाए जाने वाले कृत्रिम तालाब का भी काम शुरु नहीं हो सका है। इसके अलावा प्रकाश व्यवस्था, स्थायी पुल, घाट का भी अधर में लटक गया है। हालात को देखते हुए कयास लगाए जा रहे है कि यह कार्य इस साल पूर्ण होने की उम्मीद नहीं है, जबकि जिम्मेदारों का तर्क है कि कार्य को जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। नदी में काम करने में काफी सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए कार्य प्रगति नहीं पकड़ पा रहा है।

# योग दिवस पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास



योगाभ्यास के दौरान योग करतीं पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल व अन्य।

**पीलीभीत, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने सभी से योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करने को प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की अध्यक्षता में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ हुआ। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने बड़े उत्साह के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी को योग करने के लिए प्रेरित किया।

# उपकरण के लिए दिव्यांगों ने कराया पंजीकरण

**अमरिया, अमृत विचार** : ब्लॉक सभागार में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के माध्यम से कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख निशान सिंह रहे। शिविर में ट्राइसाइकिल के लिए 19, व्हील चेयर के 03, वैशाखी के 07, कान मशीन के लिए 03 दिव्यांगजनों ने पंजीकरण कराया।

### ट्रांसफार्मर में खराबी के बाद बत्ती गुल

**घुंघचिहाई, अमृत विचार** : ट्रांसफार्मर में खराबी के बाद शुक्रवार सुबह क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। दिनभर लोग बिना बिजली के परेशान हुए। इसकी सूचना पर टीम पहुंची और देर शाम तक काम चलता रहा। आरोप है कि जेई समेत अन्य कर्मचारियों ने कॉल रिसीव नहीरं की। एसडीओ सर्वेश कुमार ने बताया कि पुराने ट्रांसफार्मर की जगह नया ट्रांसफॉर्मर लगवा दिया गया है। अब पुराने शेड्यूल के मुताबिक सप्लाई दी जाएगी।

# एसपी ने किया फेरबदल, जिले के 58 दरोगाओं को मिली नई तैनाती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आकाश बने पूरनपुर गेट चौकी प्रभारी, सैफ को कलीनगर की कमान
- अतुल चौधरी को बीसलपुर तो नवीन कुमार को बरखेड़ा भेजा गया

**अमृत विचार** : पुलिस विभाग में तबादला एक्सप्रेस दौड़ाई गई। एसपी ने 58 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें कई चौकी प्रभारी और अंडर ट्रेनिंग एसआई भी शामिल हैं। एसपी अभिषेक यादव की ओर से जारी की गई तबादला सूची से खलबली मची रही।

दरोगा आकाश तेवतिया को पूरनपुर गेट पुलिस चौकी प्रभारी, मोहम्मद सैफ का सुनगढ़ी किया स्थानांतरण निरस्त करते हुए कलीनगर चौकी प्रभारी बनाया है। वहीं, राहुल कुमार को हरीपुर चौकी प्रभारी, देवेंद्र सिंह को देवहा चौकी प्रभारी, ललित चौधरी को सुहास चौकी प्रभारी, अमित कुमार को हजारा, नौशाद अहमद को थाना माधोटांडा, अशोक कुमार पांडेय को थाना माधोटांडा, रामपाल सिंह को बिलसंडा थाना, चमन सिंह को सेहरामऊ उत्तरी, सुभा चौधरी को पुलिस लाइन, विजयपाल सिंह को पुलिस लाइन, हिमांशु कुमार गौतम को जिरौनिया चौकी, अंकित यादव को चुर्रा चौकी प्रभारी, हिमांशु को परेवावैश्य चौकी प्रभारी, निशांत को घुंघचाई, नवीन कुमार को बरखेड़ा, विवेक कुमार को बिलसंडा, श्रीकांत शर्मा को पूरनपुर, राहुल कुमार को हजारा, हरीश कुमार को बरखेड़ा, विष्णु सिंह को सुनगढ़ी, वरुण राणा को पूरनपुर, सुनील कुमार राणा को बिलसंडा, संजीव कुमार को न्यूरिया, गौरव पंवार को माधोटांडा, आशीष कुमार को अमरिया, अनुज कुमार को पूरनपुर, सागर कुमार को पूरनपुर, संदीप कुमार को गजरौला, हरीश चंद्र को माधोटांडा, मनीष चौरसिया को न्यूरिया, नरेंद्र कुमार को कोतवाली, मंजीत कुमार को पूरनपुर, प्रदीप कुमार को सुनगढ़ी, जितेंद्र कुमार को पूरनपुर, निशांत शर्मा को अमरिया, मोहित सिंह को बीसलपुर, सनी आर्य को माधोटांडा, तरुण कुमार को सुनगढ़ी, वरुण को दियोरियाकलां, निपुण चौधरी को बीसलपुर, विपुल कुमार को बिलसंडा, अमर सिंह अमरिया, अंकित यादव बरखेड़ा, अतुल चौधरी बीसलपुर, कविराज सिंह सुनगढ़ी, विकास कुमार कोतवाली, रितु चौधरी पूरनपुर, हिना सैनी जहानाबाद, मोनिका अमरिया, पारूल माधोटांडा, निधि सुनगढ़ी, सोनी रजोरा बीसलपुर, गरिमा कोतवाली, अनु रानी न्यूरिया, लीना गजरौला, भाविका सुनगढ़ी भेजी गई हैं।

## एक नजर

### बाग की रखवाली कर रहे बच्चे को बंदर ने किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार** : बाग की रखवाली कर रहे बालक को बंदर ने हमला कर घायल कर दिया। दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीरपुर निवासी क्षेत्रपाल का पुत्र छोटू ने बाग में आम की रखवाली कर रहा था। उसके पिता पड़ोस में ही खेत पर थे। इस बीच एक बंदर पेड़ पर आम खाने लगा। इस पर छोटू ने उसे भगाने का प्रयास किया, तभी बंदर ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी भर्ती कराया गया है।

### बाजार से बाइक चोरी, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार** : बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम अलखथान गौटिया निवासी प्रेमशंकर ने सुनगढ़ी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 14 जून को वह अपनी बाइक से जंगरौली बाजार गए थे। इस दौरान उसने अपनी बाइक लॉक लगाकर सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। सामान खरीदने के बाद वापस आए तो बाइक नहीं मिली। उसे कोई चोरी कर ले गया था। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम अड़ासेई निवासी माहेश्वरी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति कौशल कुमार, ससुर कृष्ण बिहारी, सास पुष्पा देवी, देवर देवल सिंह, फुफिया सास चमेली देवी ने 14 जून को सुबह 10 बजे उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। जिससे वह घायल हो गई। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर पीटने का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम बिठौराकलां निवासी कुसुमा देवी पत्नी चंद्रपाल की ओर से एसपी के आदेश पर गजरौला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें पीड़िता ने कहा कि 12 जून की सुबह आठ बजे उसके पति चंद्रपाल ने दहेज में बाइक और एक लाख रुपये की मांग को लेकर मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई। आरोपी पूर्व में भी उसके ऊपर चाकू से हमला कर चुका है। मारपीट की शिकायत ससुरालियों से की, तो उन्होंने भी उसका पक्ष लेते हुए मारपीट कर घर से धक्का देकर निकाल दिया।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है

● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# लापरवाही पर ठेकेदार के भुगतान से होगी कटौती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गांधी स्टेडियम रोड पर नाले का निरीक्षण करतीं एडीएम ऋतु पुनिया। ● अमृत विचार

- नाला सफाई में चलते मिले सरकारी वाहन, ईओ को जांच करने के निर्देश, मांगी रिपोर्ट
- योग दिवस से एक दिन पहले स्टेडियम रोड पर एडीएम को मिले गंदगी के ढेर, लगाई फटकार

**अमृत विचार** : बरसात से पहले नालों की सफाई को लेकर शहर में चल रही तैयारियों की हकीकत एडीएम के निरीक्षण में उजागर हो गई। सफाई में लापरवाही मिलने पर एडीएम ने ईओ और सफाई निरीक्षक को जमकर फटकार लगाई। साथ ही ठेकेदार के भुगतान से कटौती करने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं, नाला सफाई में सरकारी वाहनों का उपयोग भी होते मिला। जिस पर ईओ को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि नगरपालिका की ओर से शहर में 28 नालों की सफाई कराने के लिए 32 लाख रुपये का टेंडर किया था। यह टेंडर गैलेक्सी इंटरप्राइजेज को दिया गया था। टेंडर में पालिका की ओर से तलीझाड़ सफाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन नाला सफाई में खानापूर्ति की जा रही है। अधिकांश साफ हुए नाले में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। गांधी स्टेडियम रोड पर भी नाला सफाई कराई गई थी। मगर यहां भी खानापूर्ति करते हुए सड़क पर कीचड़ फैल दी गई। शुक्रवार को एडीएम ऋतु पुनिया ने अचानक गांधी स्टेडियम रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर ईओ संजीव कुमार, सफाई निरीक्षक साबिर अली, सफाई प्रभारी अमर किशोर को मौके पर बुलाया गया। एस एस हॉस्पिटल से गौहनिया चौराहा तक नाला सफाई के बाद भी चोक मिला। इतना ही नहीं सड़क पर कूड़े का ढेर लगा मिला। इस पर एडीएम ने ईओ और सफाई निरीक्षक की जमकर फटकार लगाई। नाला में पानी का फ्लो नहीं मिला। जगह-जगह नाले चोक पड़े मिले, जबकि शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस रूट से गांधी स्टेडियम में प्रभारी मंत्री समेत विभिन्न अफसरों का काफिला इस सड़क से ही गुजरेगा। मौके पर सरकारी वाहन का प्रयोग होते मिलने पर जब ईओ और सफाई निरीक्षक का जवाब तलब किया गया। तो सफाई निरीक्षक ने वाहनों का 50 हजार रुपये किराया जमा करने की बात कही। इस पर एडीएम ने 50 हजार रुपये सरकारी वाहन का प्रयोग होना गलत ठहराते हुए ईओ को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। मौके पर ठेकेदार को बुलाया गया, मगर वह उपस्थित नहीं हुआ। एडीएम ने तर्क दिया कि जब सरकारी वाहन से ही कार्य कराया जा रहा है, तो नाला सफाई ठेका क्यों किया गया? इतना ही नहीं नाला सफाई में लापरवाही बरतने के मामले में ठेकेदार के भुगतान से कटौती करने के निर्देश दिए हैं।

# तेंदुआ देखकर श्रमिकों ने लगाई दौड़, होश उड़े

**अमरिया, अमृत विचार:** क्षेत्र के दियूनी डैम के पास प्रशांत शुक्ला के फार्म पर श्रमिक पप्पू, सलमान, राजपाल, ढाकन लाल, राजेन्द्र कुमार, मजदूर महादेव गन्ने और धान के खेत में काम कर रहे थे। इस बीच एक गन्ने के खेत से तेंदुआ निकल कर सामने आ गया। जिसे देखकर मजदूरों के होश उड़ गए। वह शोर मचाते हुए चप्पलें मौके पर ही छोड़कर आबादी की तरफ भाग गए। इसकी सूचना पर पहुंची वन विभाग की निगरानी टीम ने पगमार्क ट्रेस किए। साथ ही मजदूरों का खेत पर छूटा सामान भी अपनी मौजूदगी में उठवाया। वन दरोगा शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि टीम के साथ मौके पर गए थे। निगरानी बढ़ा दी गई है।

# कुल शरीफ के साथ दादा मियां का 47वां उर्स संपन्न

संवाददाता, बिलसंडा



बिलसंडा में उर्स मेले के दौरान उमड़ी जायरीनों की भीड़। ● अमृत विचार



उर्स में पहुंचे सूफी गायब फैजान रजा खां।

- राजस्थान के सूफी गायक फैजान ने बांधा समां

**अमृत विचार:** नगर में चल रहे सैय्यद दादा मियां रहम तुल्लाह अलैह के चार दिवसीय उर्स का शुक्रवार को कुल शरीफ के साथ समापन हो गया। अंतिम दिन सूफी संत दादा मियां की दरगाह पर बड़ी संख्या में जायरीन उमड़े। दरगाह पर चादर चढ़ाकर वतन व कौम के अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी।

शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मौलाना आरिफ रज़ा हशमती, असगर रज़ा बरकाती, हाफिज असलम, हाफिज उमर, हाफिज फहीम, हाफिज नजीम, हाफिज रकीम, मुनाजिर रज़ा, हाफिज कासिम, हाफिज आरिफ शाह ने सुबह 10 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की। अजमेर राजस्थान से पहुंचे सूफी गायक फैजान रजा और कानपुर की शीबा परवीन के बीच जवाबी मुकाबला हुआ। इसमें दोनों ही कव्वालों ने बेहतरीन अंदाज में समां बांधकर श्रोताओं की जमकर तालियां बटोरीं। मेले की व्यवस्था में कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद फैजान अली शाह, राजू भाई, राशिद भाई, फुरकान भाई, निषाद इदरीसी, साकिर सिद्दीकी, इमरान शाह, यासीन मंसूरी, बिलाल शाह, ताजुद्दीन मंसूरी, फरियाद मंसूरी, नफीस मंसूरी, नदीम अंसारी ईदगाह, नसीम मंसूरी, इलियास मंसूरी, फहीम शाह, बबलू खान, गुड्डू सिद्दीकी, मुस्ताक मंसूरी आदि का सहयोग रहा। सड़कों पर भीड़ के चलते जाम की स्थिति बनी रही। सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर पुलिस अलर्ट रही।

### पूर्व चेयरमैन ने परिवार संग की चादरपोशी

उर्स के अंतिम दिन नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अटल सिंह जायसवाल, पेट्रोलियम व्यापारी विक्रम नरेश जायसवाल, अमित जायसवाल ने अपने परिवार संग पहुंचकर सैय्यद दादा मियां रहम तुल्लाह अलैह की दरगाह पर चादरपोशी की। उन्होंने अल्लाह की शान में सिर झुकाकर सजदा किया। नगर में शांति एवं अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान चेयरमैन की पत्नी मंजू जायसवाल, शुभम, हर्ष, सुरेंद्र, राम, सौम्य, सुमित जायसवाल, अजय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

## निजी दुकानदार बेच रहे अधिक दामों पर यूरिया

**पसगवां, अमृत विचार :** क्षेत्र के किसानों का कहना है कि समितियों पर उन्हें दो बोरियों से अधिक यूरिया नहीं दी जा रही है। ब्लॉक की अधिकांश समितियों में यूरिया उपलब्ध है। कुछ समितियों में यूरिया शीघ्र पहुंच जाएगी। एडीओ सहकारिता सचिन तिवारी ने बताया कि गुरुवार को साधन सहकारी समिति औरंगाबाद, पसगवां, मकसूदपुर, बनकागांव में 550-550 बैग, किरियारा में 450 बैग, हैरमखेडा में 250 बैग, मोहीउद्दीन में 150 बैग, पैकीपुर में 150 बैग, खरगापुर में 100 बैग यूरिया है। बताया कि औरंगाबाद, बनकागांव और मकसूदपुर में गुरुवार की रात को और यूरिया पहुंची है। किसान नेता उपेंद्र पांडेय का कहना है कि कृषि विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से यूरिया अधिक दामों पर बेची जा रही है।

## कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते हुये श्रमिकों को फल बांटे हैं। नगर के अशोक चौराहा पर कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व नगर अध्यक्ष इकबाल अहमद खान ने अपने नेता सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर उनको शुभकामनाएं दीं और उनकी सलामती के लिए दुआ करते हुए मजदूरों में फल वितरण करके मनाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, प्रेम वर्मा, विपुल गुप्ता, अजीज खान सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# झमाझम बरसे बदरा, कहीं राहत तो कहीं बढ़ी उमस

## तेज हवा के साथ गड़गड़ाहट और बिजली चमकी, छह से आठ डिग्री तापमान में दर्ज हुई गिरावट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में गुरुवार रात हुई बरसात ने भीषण गर्मी से लेकर उमस से बेहाल लोगों को बड़ी राहत दी। मौसम का मिजाज बदलते ही तेज हवा के साथ गड़गड़ाहट व बिजली चमकने लगी। इसके कुछ देर बाद शुरू हुई बरसात ने गर्मी में ठंड का एहसास करा दिया। रात भर बरसात से शहरवासियों को गर्मी से निजात मिल गई। बारिश से शुक्रवार को दिन भर बिजली की आवाजाही होती रही। इससे लोगों को उमस वाली गर्मी ने बेहाल करके रख दिया।

भीषण गर्मी और उमस से परेशान जिले वासियों के लिए गुरुवार की रात राहत मिली। रात में अचानक मौसम ने करवट लेकर बरसना शुरू कर दिया। बारिश का यह सिलसिला सुबह 10 बजे तक जारी रहा। कुछ जगहों पर जहां झमाझम बरसात हुई तो वहीं कुछ जगहों पर फुहारें पड़ती रहीं। गर्मी की मार से बेहाल जिलेवासियों ने गुरुवार रात चैन की नींद ली। मगर, शुक्रवार को फिर से बिजली कटौती में उमस वाली गर्मी ने लोगों को बेचैन करके रख दिया। स्थिति यह रही कि कुछ इलाकों में बिजली की आंखमिचौली जारी रही। मगर, कुछ इलाकों में कई घंटे बिजली का गुल रहना लोगों के लिए मुसीबत बन गया।



लखनऊ-बरेली नेशनल हाईवे पर मैगलगंज में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

### तापमान गिरा पर उमस से बेहाल

गुरुवार रात की बारिश ने शहर के तापमान में लगभग 6-8 डिग्री की गिरावट ला दी। शुक्रवार सुबह जब लोग नींद से जागे, तो वातावरण पूरी तरह से बदला हुआ था। ऐसे में लोग कूलर पंखा और एसी बंद करने के लिए मजहबूर हो गए। वहीं सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा

### किसानों ने ली राहत की सांस

गुरुवार रात हुई बारिश ने सिर्फ आम लोगों को ही नहीं, बल्कि किसानों को भी राहत पहुंचाई है। खेतों की तैयारियों में जुटे किसानों के लिए बारिश बेहद शुभ है। धान की रोपाई की तैयारियां चल रही हैं और शुरुआती बारिश से मिट्टी में नमी आएगी, जिससे बुवाई में सुविधा होगी। वहीं स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्रों और ऑफिस के कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली। बढ़ते तापमान से बच्चों को बाहर निकलने में दिक्कत हो रही थी, लेकिन अब स्थिति सामान्य है।

### शहर में कई जगह जलभराव

एलआरपी चौराहे के पास स्थित हरिनाम वाटिका के सामने पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास बंद पड़े नाले के कारण जल भराव हो गया। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत होने लगी। इसकी सूचना पाकर पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने टीम के साथ मौके पर जाकर बंद नाला खुलवाया। इसके बाद जलनिकासी शुरू होने से राहगीरों को राहत मिली।

### बिजली बनी चिंता का कारण

बारिश के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित रही। कई इलाकों में ट्रांसफॉर्मर ट्रिप कर गए, जिससे लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। हालांकि विद्युत विभाग की टीमों ने रात में ही काम शुरू कर दिया और अधिकांश जगहों पर सुबह तक आपूर्ति बहाल कर दी गई। मगर, नई बस्ती उपकेंद्र से जुड़े मोहल्लों में मेन लाइन में फॉल्ट आने से दिन के 11 बजे गुल हुई बिजली शाम पांच बजे के करीब बहाल हो सकी।

### नालियों की सफाई न होने से घरों में घुसा बारिश का पानी

**भीरा, अमृत विचार :** कस्बे की नालियों की तलीझाड़ सफाई न होने से बरसात के दौरान गलियों में पानी भर गया। गलियों में भरा पानी उल्टा घरों में घुस गया। इससे कस्बावासियों में नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ नाराजगी दिखी। नगर निकायों में स्वच्छता अभियान के तहत बारिश से पहले नालियों की तली झाड़ सफाई के निर्देश थे। मगर, गुरुवार रात हुई बरसात ने सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। सबसे बुरा हाल वार्ड नंबर 14 महाराजा अग्रसेन के मुख्य मार्ग से प्राचीन शिव मंदिर जाने वाले रोड का दिखा। इसके अलावा मुख्य बाजार मैलानी हाईवे किनारे की नालियां चोक होने से पानी का निकास अवरुद्ध रहा। कस्बा निवासी नरेश गुप्ता, सुभाष गोयल तपसीर अहमद, विजेंद्र जैन, दिनेश गर्ग, राजेश अग्रवाल आदि ने नगर पंचायत अध्यक्ष चारु शुक्ला से नालियों की तली झाड़ सफाई कराकर बारिश में होने वाले जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### नेशनल हाईवे पर भरा पानी

**मैगलगंज।** ग्राम पंचायत मैगलगंज में बारिश के कारण कस्बे की मुख्य सड़क नेशनल हाईवे पर पानी भर गया। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को कीचड़ और बदबू भरे पानी के बीच होकर निकलना पड़ा। मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा भी मंडराने लगा है। ग्रामीणों ने जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। उधर, औरंगाबाद रोड ऊंची होने के कारण आम लोगों के घरों में जलभराव होता है। यह जलभराव की समस्या लगभग पांच वर्षों से होती चली आ रही है।

# क्षतिग्रस्त प्राकृतिक जलस्रोत के संरक्षण का कार्य शुरू



पूजा-अर्चना के साथ फावड़ा चलाकर संरक्षण कार्य शुरू कराते महंत स्वामी नारायणानंद।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **तपोवन सिद्ध आश्रम के प्राकृतिक जलस्रोत गोमती के लिए करते हैं संजीवनी का काम**

**अमृत विचार:** गोमती नदी की सांस्कृतिक विरासत का संकलन कर रहे सुशील सीतापुरी ने तपोवन सिद्ध आश्रम में क्षतिग्रस्त प्राकृतिक जलस्रोत के संरक्षण की ठान ली है। इसके लिए उन्होंने न सिर्फ लोगों को संगठित किया है, बल्कि पूजा-अर्चना के बाद आश्रम के महंत स्वामी नारायणानंद के साथ फावड़ा चलाकर संरक्षण कार्य भी शुरू कर दिया है।

जनपद की सीमा पर गोमती नदी के निकट बसे धोबिया गांव के तपोवन सिद्ध आश्रम में क्षतिग्रस्त प्राकृतिक जलस्रोत के संरक्षण कार्य के निर्माण शुरू हो गया है। सुशील सीतापुरी पिछले पांच साल से 'मैं तुम्हारी गोमती हूं' अभियान के जरिये गोमती नदी की सांस्कृतिक विरासत के सर्वेक्षण और संकलन का काम कर रहे हैं। लखीमपुर खीरी के चपरतला गांव निवासी सुशील सीतापुरी द्वारा स्वयंसेवी संस्था सेवा सदन की ओर से संचालित इस अभियान के अंतर्गत गोमती के घाटों, मंदिरों, मेलों, परंपराओं तथा निकटवर्ती गांवों के रहन-सहन का अध्ययन किया जा रहा है। अब तक गोमती की 300 किमी यात्रा कर चुके सुशील सीतापुरी बताते हैं कि तपोवन सिद्ध आश्रम के प्राकृतिक जलस्रोत गोमती के लिए पूरे वर्ष संजीवनी का काम करते हैं इसलिए इनका संरक्षण अनिवार्य है। यही कारण है कि उन्होंने प्राकृतिक जलस्रोत के संरक्षण का संकल्प लिया। धोबिया गांव को महाभारत कालीन संत और पांडवों के कुल पुरोहित धौम्य ऋषि की तपस्थली के रूप में जाना जाता है। पहले इसका नाम धौम्या था जो अपभ्रंश होकर धोबिया हो गया। लोक मान्यता है कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां कुछ दिन प्रवास किया और एक बार प्यास लगने पर अर्जुन ने तीर चलाकर धरती से जलस्रोत उत्पन्न किए थे। आश्रम में लगे शिलापट्ट पर भी धोबिया का संबंध महाभारत काल से होने का उल्लेख किया है।

# विधायक ने कंपोजिट विद्यालय का किया शिलान्यास



शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू। ● अमृत विचार

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र की पैला ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का विधायक सौरभ सिंह सोनू ने नींव में पांच ईंटें रखकर शिलान्यास किया।

कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए प्रत्येक जनपद में एक आवासीय मॉडल कम्पोजिट विद्यालय और प्रत्येक जनपद में एक-एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कराए हैं, जिससे गांव की भोली भाली जनता को सुगमता से इलाज और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सकेगी। पैला गांव में यह आवासीय विद्यालय मील का पत्थर साबित होगा। विद्यालय के शिलान्यास समारोह कार्यक्रम में पंडित आभास अवस्थी ने मंत्रोच्चार के साथ नींव पूजन कराया। कार्यक्रम संचालन खंड शिक्षा अधिकारी देवेश राय ने किया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल वर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित, एक्सईएन शैलेश कुमार, जेई योगेन्द्र वर्मा, प्रधान श्रीपाल मिश्रा, संदीप चौधरी, गौरव शुक्ला, आदित्य शुक्ला, सुशील आदि मौजूद रहे।

# जन-जन का एक ही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा




सूंडा में नशा मुक्ति भारत अभियान जागरूकता रैली निकालते एसएसबी जवान। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** नेपाल सीमावर्ती सूंडा गांव में स्थित एसएसबी चौकी के जवानों ने नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत शुक्रवार को हाथों में विभिन्न स्लोगन लिखी पट्टिकाएं लेकर कई गांवों में जागरूकता रैली निकाली।

रैली में मानव जीवन को बर्बाद करने वाले विभिन्न प्रकार के नशों से दूर रहने के लिए स्लोगन लिखी पट्टिकायें जवान लिए हुए थे ।पट्टिकाओं पर नशा करे जीवन बर्बाद, सभी करो मिलकर बहिष्कार, जन-जन तक संदेश पहुंचाना है ,नशे को हाथ नहीं लगाना है एवं जन-जन का है एक ही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा आदि स्लोगन लिखे हुए थे। जागरूकता रैली सूंडा चौकी से निकलकर चंदन चौकी रोड पर स्थित मार्केट व सूंडा, छिदिया, बिरिया, ढकिया आदि ग्रामों तक पहुंची और लोगों को विभिन्न नशों के दुर्गुण बताकर जागरुक किया। लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर एसएसबी निरीक्षक प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, उम्मेद सिंह, राज सिंह, संदीप कुमार,अंकुर हुड्डा, प्रवीण कुमार, भूपेंद्र शाक्य, सीमा मौर्य, सोनम, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

# बौधिया कलां का अन्नपूर्णा भवन में मिलेगा राशन

**मझगई, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत बौधिया कलां के लोगों को अब अन्नपूर्णा भवन में सरकारी राशन मिलेगा। गांव के पश्चिम बनकर तैयार हुए अन्नपूर्णा भवन का शुक्रवार को ग्राम प्रधान सैयद मकसूद अली ने फीता काटकर आरंभ किया। इसके बाद कोटेदार अजय कुमार ने अन्नपूर्णा भवन में राशन वितरण का कार्य भी शुरू कर दिया है। अन्नपूर्णा भवन उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत बनाया गया है। इसका उद्देश्य उचित दर की दुकानों को आधुनिक बनाना और राशन वितरण प्रणाली को सुव्यवस्थित करना है। इस भवन में ग्राम पंचायत के राशन कार्ड धारकों को राशन उपलब्ध कराया जाएगा। कोटेदार उचित दर पर खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### सार-संक्षेप

## पति समेत पांच ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव चौरठिया निवासी नूर मोहम्मद ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री शमा का निकाह 14 अक्टूबर 2024 को अपने पड़ोसी जलालुद्दीन के पुत्र साहिल अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से यथाशक्ति दहेज देकर किया था। कुछ दिनों तक ठीकठाक रहा, उसके बाद पति साहिल अंसारी, सास, देवर शोएब अख्तर, बब्लू और पप्पू अतिरिक्त दहेज में बाइक और फ्रिज की मांग करने लगे। अतिरिक्त दहेज न दे पाने पर निकाह के बाद उनकी पुत्री को मायके विदा नहीं किया गया। साथ ही शारीरिक और मानसिक यातनाएं देकर धमकी दी गई कि जब तक बाइक और फ्रिज नहीं मिलेगा तब तक उसे मायके नहीं भेजेंगे। पीड़िता ने 17 जून को कोतवाली में तहरीर दी किंतु पलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उसे डरा धमकाकर भगा दिया। अब एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पांचों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

## कमरे में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खीरी के गांव महंगूखेड़ा निवासी एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर कमरे में लटका बरामद हुआ है। महिला ने करीब दस साल पहले प्रेम विवाह किया था। उसके भाई ने हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के पति ने बताया कि उन्होंने गांव की ही सोमवती (28) से 10 साल पहले प्रेम विवाह किया था। उनके पति-पत्नी के बीच कोई विवाद नहीं था। उधर मृतका के भाई दिनेश कुमार ने अनिल पर बहन की हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक पर युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**उचौलिया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में शाहजहांपुर-सीतापुर रेलवे ट्रैक पर लखनौरिया हॉल्ट पर बने रेलवे अंडर क्रॉसिंग के पास एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने बताया कि युवक की रेलवे लाइन पर ट्रेन से कट कर मौत हुई है। सूचना पाकर मौके पर सेवा का जुनून की टीम और उचौलिया पुलिस पहुंची। उसकी शिनाख्त राम संजीवन (35) पुत्र महावीर, निवासी गांधीनगर, घाटमपुर, कानपुर निवासी के रूप में हुई। घटना स्थल रेलवे अंडरपास के निकट शराब का ठेका है, जहां शाम से देर रात तक भीड़ रहती है। युवक कुछ दिन पहले लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर हिमालया ढाबे पर काम करने आया था। ढाबा मालिक मुस्लिम जैदी ने बताया कि वह शराब बहुत पीता था और गुरुवार की शाम वह रुपये लेकर गया था, लेकिन लौटकर नहीं आया। पुलिस जांच कर रही है और परिजनों से संपर्क किया जा रहा है।

## योग करने के लिए किया प्रेरित, रोपे गए पौधे




**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** योग सप्ताह के तहत महिलाओं की योग प्रक्रिया में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग शिविर एवं पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। योग प्रशिक्षक डॉ. अमित सिंह ने छात्र छात्राओं को योगाभ्यास कराकर इसकी उपयोगिता बताई। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. हेमन्त पाल ने महिलाओं को प्रतिदिन दिनचर्या में शामिल करने और निरोगी जीवन जीने के लिए परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इसके बाद कॉलेज परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए अशोक, आंवला, नीम, करौंदा, जामुन एवं गुलमोहर का पौधा रोपा। इस दौरान डॉ. अमित सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर सुभाष चंद्रा, संजय कुमार, एवं ज्योति पन्त आदि मौजूद रहीं।

## निर्धारित ऊंचाई में ही बनाए जाएं ताजिए



**धौरहरा, अमृत विचार :** कोतवाली में शुक्रवार को एसडीएम राजेश कुमार अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें काफी संख्या में ताजिएदार भी शामिल हुए। एसडीएम ने दो टूट कहा कि किसी भी दशा में निर्धारित ऊंचाई से अधिक के ताजिए न बनाएं। कोई भी नई परंपरा किसी भी कीमत पर नहीं डाली जाएगी। बैठक में उन्होंने ताजिएदारों की समस्याएं भी सुनीं। जिन रास्तों पर तारों के झूलने व पेड़ों की समस्या सामने आई। एसडीएम ने उसे ठीक कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान किसी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई नई परंपरा भी नहीं डालने दी जाएगी। सभी लोग शांति के साथ त्योहार मनाएं। बैठक में तहसीलदार आदित्य विशाल, सीओ शमशेर बहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र, नगर पंचायत अध्यक्ष नफीस खां के अलावा कई ग्राम प्रधान व ताजिएदार मौजूद रहे।

# लायन्स क्लब लखीमपुर उपकार ने बांटे उपकरण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** अन्तर्राष्ट्रीय समाजसेवी संगठन लायन्स क्लब लखीमपुर उपकार ने पदाधिकारियों ने शुक्रवार को भारत सरकार की एडिप योजना के तहत 30 दिव्यांगों को निःशुल्क उपकरण दिए।



दिव्यांगों को उपकरण देते विधायक योगेश वर्मा व पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव।

लायन्स उपकार नेत्र चिकित्सालय परिसर में कार्यक्रम का आरंभ सदर विधायक योगेश वर्मा और नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि बलरामपुर से आए लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट उप मंडलाध्यक्ष परमजीत सिंह ने किया। इसके बाद दिव्यांगजनों में मोटरयुक्त ट्राई साइकिल, मैनुअल ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग डिवाइस, ब्लाइंड स्टिक आदि का वितरण कर लाभार्थियों को सम्मानित करने के साथ भोज कराया। विधायक ने दिव्यांगों को उपकरण देने की प्रशंसा ही नहीं, बल्कि लायन्स क्लब की सेवाओं को देखकर नेत्र चिकित्सालय को छह एसी सहित अन्य आवश्यक सामग्री, जिसमें सोलर, सोकपिट आदि देने का ऐलान किया। संचालन क्लब के पूर्वाध्यक्ष आर्येंद्र पाल सिंह ने किया। संस्थाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह, नेत्र चिकित्सालय के सचिव एवं प्रबंधक राजवीर सिंह, कार्यक्रम संयोजक एचएस पाहवा, डॉ. रूपक टण्डन, राजकुमार सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# अनुसूचित जाति जनजाति आयोग सदस्य का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंड शुक्रवार को लखीमपुर पहुंचे। अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष मनोज वर्मा ने पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया।



अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य का स्वागत करते अपना दल एस के जिलाध्यक्ष मनोज वर्मा व मौजूद अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

शहर के सर्किट हाउस सभागार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य रमेश कुंड ने जनपद के सभी प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इसके बाद जी अपना दल एस पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, जिसमें सदस्यता अभियान एवं पंचायत चुनाव को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पार्टी के अनुराग वर्मा, अखिलेश पटेल, दीप कांत मिश्र, गौरव वर्मा, डॉ. शिवम वर्मा, बृजेश वर्मा, दिव्यांश वर्मा, अमित वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर प्रकार के रोगों से निजात दिलाने का एकमात्र साधन योग

### विश्व योग दिवस पर विशेष

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **नियमित योग कर तनाव से लेकर घुटनों के दर्द को मात दे रहे पीड़ित**

● **11वां विश्व योग दिवस आज, राजापुर मंडी में किया जाएगा आयोजन**

**अमृत विचार:** योग 40-50 साल की नहीं, बल्कि सदियों पुरानी विधा है। प्राचीन काल में इसका प्रयोग कर ऋषि-मुनि वर्षों तप किया करते थे। फिलहाल पिछले कुछ सालों से योग एक क्रांति बन चुका है। हर आयुवर्ग के लोग रोजाना योगाभ्यास कर विभिन्न प्रकार के रोगों को मात दे रहे हैं। शनिवार को विश्व योग दिवस है। इस दिन राजापुर मंडी में योग की गंगा बहेगी। इस दिन जिले भर में शिविर आयोजित होंगे। इनमें योग प्रशिक्षक योग के माध्यम से रोग भगाने का टिप्ट देंगे।

करीब एक दशक पहले तक लोग बीमारियों से निजात पाने के लिए दवाओं पर निर्भर रहते थे। मगर, गत सालों में लोग योग के माध्यम से रोगों को भगा रहे हैं। यही वजह है कि नगर में योग करने का महत्व बढ़ा है। बड़ी संख्या में लोग शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले शिविरों में जाकर नियमित रूप से योगाभ्यास कर रहे हैं। इन जगहों पर कपाल भाती, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार व बटरफ्लाई समेत कई आसनों का अभ्यास कराया जाता है। रोजाना 20 से 25 मिनट तक योग करने से लोगों को साइटिका, जोड़ो में दर्द से लेकर हाजमा संबंधी दिक्कतों से राहत मिल रही है।



फूलबेहड़ निवासी लक्ष्मी बेसिक स्कूल में अनुदेश है। लक्ष्मी बताती हैं कि कुछ साल से तनाव अधिक रहने लगा। इससे तमाम दिक्कतें होने लगी थीं। इस पर योग प्रशिक्षक के मार्गदर्शन से करीब एक साल से भ्रामरी आदि करना शुरू किया। तब से तनाव गायब हो गया। अब तो योग का दिनचर्या में शामिल कर लिया है। दिन की शुरूआत सुबह 25 से 30 मिनट तक योग कर करते हैं।



फूलबेहड़ निवासी शिक्षक आलोक सिंह बताते हैं कि एक बार गिर गए थे, जिससे कमर में दर्द शुरू हो गया था। इसके अलावा सीढ़ियां चढ़ने पर घुटनों में दर्द होता था। इस पर योग प्रशिक्षक से मिलकर सुबह उठकर अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार करना शुरू कर दिया। अब दर्द पूरी तरह से गायब है। लाभ मिलने पर बच्चों से लेकर उनके माता-पिता को भी प्रेरित करते हैं।



मोहल्ला गणेशनगर निवासी राजदीपिका तिवारी बताती हैं कि पिछले चार-पांच माह से सियाटिका और लम्बर पेन की समस्या से ग्रसित थीं। काफी जगह डाक्टरों को दिखाया परंतु दवाओं से आराम न मिलने पर योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन की देखरेख में दो महीने से योगाभ्यास से लेकर पोस्चर मैनेजमेंट थैरेपी करनी शुरू की। अब करीब 95 फीसदी बीमारी में राहत मिल चुकी है।



योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन बरनवाल बताते हैं कि योग से दो तरह के फायदे हैं, एक आध्यात्मिक और दूसरा शारीरिक। रोजाना योग कर असाध्य रोगों पर काबू पाया जा सकता है। योग में दो सेक्टर हैं एक आसन, दूसरा प्राणायाम। बाहरी व जोड़ों में दर्द के लिए आसन जरूरी है। आंतरिक गड़बड़ी के लिए प्राणायाम। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए 15 आसन और आठ प्राणायाम जरूरी हैं।



योग प्रशिक्षक अमित शुक्ला बताते हैं कि सूर्य नमस्कार 12 प्रकार के होते हैं। इनसे पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। इनको करने से शरीर में नई स्फूर्ति आती हैं। योग ऐसी विधा है, जिसके नियमित अभ्यास से तन-मन को स्वस्थ्य रखकर बौद्धिक विकास किया जा सकता है। योग से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे बैक्टीरिया और वायरस का प्रभाव नहीं पड़ता।



योग तन और मन के साथ मस्तिष्ट को भी स्वस्थ रखता है। जबकि कपालभाति और अनुलोम-विलोम से शरीर में रक्त का संचालन ठीक होता है। इससे सभी आंतरिक अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचती है, जिससे मानसिक शांति मिलती है। यही वजह है योग की क्रियाएं नियमित करते रहने से तमात बीमारियां दूर होती हैं।

**-डॉ. हरवंश कुमार**, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी लखीमपुर

